आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

04.05.2024 समय : 1850

- भारत सरकार के पहल के तहत देश भर के विभिन्न राज्यों के चुनिन्दा जिलों में प्रौढ़ बी सी जी टीकाकरण अध्ययन अभियान की शुरूआत की गई है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में दो हजार चार सौ व्यस्को को टीका लगाया गया है।
- आगामी शादी के मौसम को देखते हुए ध्वनि प्रदूषण और यातायात जाम की समस्या से निपटने के लिए कल बैठक का आयोजन किया गया।
- आई सी ए आर के महानिदेशक और सचिव डेयर डॉ. हिमांशु पाठक तीन दिवसीय दौरे पर कल पोर्ट ब्लेयर पहुंच रहे हैं।
- आईसीसी ने आज वार्षिक पुरुष टीम रैंकिंग अपडेट जारी किया– भारत ने वनडे और टी–ट्वेंटी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के पहल के तहत देश भर के विभिन्न राज्यों के चुनिन्दा जिलों में प्रौढ़ बी सी जी टीकाकरण अध्ययन अभियान की शुरूआत की गई है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में दक्षिण अंडमान और मध्योत्तर अंडमान ज़िले की पहचान हुई है, जहां टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. पी लाल ने बताया कि द्वीपसमूह में तीस मार्च से हर शनिवार यह टीका दिया जा रहा है और अब तक दो हजार चार सौ लोगों को टीका लगाया जा चुका है।

<><><><><><><>

आगामी शादी के मौसम को देखते हुए ध्वनि प्रदूषण और यातायात जाम की समस्या से निपटने के लिए कल उप–पुलिस अधीक्षक यातायात अजय कुमार राय की अध्यक्षता में प्रमुख लाईट और साउंड डीलरों के साथ बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि गीत–संगीत को शादी हॉल और दूल्हा–दुल्हन के घर के सौ मीटर की परिधि तक सीमित होना चाहिए और स्पीकर की आवाज को भी सीमित करने का निर्देश दिया गया है। बारातियों को यातायात नियमों का पालन करते हुए यातायात को अन्य सड़क का इस्तेमाल करने वालों के लिए भी उपयोगी और सुरक्षित बनाने को कहा गया है। ध्वनि और प्रकाश को भी बारात निकालते समय या शादी समारोह के दौरान इस्तेमाल होने वाले वाहनों से निकलने वाले प्रकाश की मात्रा को भी कम करने का निर्देश दिया गया है। आम जनता से भी कहा गया है कि शादी समारोह के दौरान यातायात में व्यवधान उत्पन्न होने या ध्वनि प्रदूषण दिखाई देने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। शिकायतकर्ता को वाहनों के पंजीकरण नम्बर, दिनांक, समय और स्थान के साथ फोटो या लघु वीडियो भेजने को कहा गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी –एनटीए ने कल आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा –नीट के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। देश भर के चौदह राज्यों के सत्तावन शहरों में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें चौबीस लाख से ज्यादा परीक्षार्थी भाग लेंगे। यह परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजकर बीस मिनट तक चलेगी। एनटीए ने परीक्षार्थियों से कहा है कि वे अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करके साथ लेकर आएं। प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी की फोटो, हस्ताक्षर और रोल नंबर बारकोड होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने मध्य अंडमान के कटला नाला में एक नया बांध का निर्माण करने की मांग की है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होने कहा कि कदमतला और उत्तरा के कई क्षेत्र पानी की समस्या से जूझ रहे हैं और इससे लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कदमतला नम्बर तीन में मौजूद दो बांध मांग की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। लोगों की समस्याओं को देखते हुए सांसद ने पूरे क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए कटला नाला में नया बांध बनाने का अनुरोध किया है।

<><><><><>

आई सी ए आर के महानिदेशक और सचिव डेयर डॉ. हिमांशु पाठक क्यारी के तीन दिवसीय दौरे पर कल पोर्ट ब्लेयर पहुंच रहे हैं। वे कल गाराचरमा, सीपीघाट और मरीन हिल शोध परिसर स्थित कृषि और इससे सम्बद्ध इकाईयों में वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध कार्यों का जायजा लेंगे। छः मई को वे नींबूडेरा में कृषि विज्ञान केन्द्र के नए भवन का उद्‌घटन करेंगे। बाद में वे रंगत, आमकूंज, नींबूडेरा इकाईयों का भी दौरा करेंगे और किसानों से मुलाकात करेंगें।

<><><><><>

राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वराज द्वीप में परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रशासित स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से छः से नौ मई तक चलने वाले शिविर में अनिम्स के डॉक्टर एम.के. साहा, जी बी पंत अस्पताल के एनस्थेटिस डॉ. नारायणन राजाराम के अलावा अन्य सहयोगी कर्मी अपनी सेवाएं देंगे। पात्र दम्पतियों से इस सुविधा का लाभ उठाने और स्वराज द्वीप के स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारी से नाम पंजीकरण करने के लिए सपंर्क करने को कहा गया है।

<><><><><>

स्वास्थ्य विभाग के आयुष शाखा की ओर से ग्रीष्मकालीन योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। छः से इक्कतीस मई तक आयुष अस्पताल जंगलीघाट के योगा हॉल में बच्चों के लिए सुबह दस बजे से ग्यारह बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा। छः से बारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चे इसमें भाग ले सकते हैं।

<><><><><>

फरारगंज तहसील के राजस्व अधिकारियों द्वारा तहसील के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए गुप्तापाड़ा गांव में पटवारी, पुलिस और अन्य कर्मियों के सहयोग से गुप्तापाड़ा गांव में चलाए गए अभियान के दौरान करीब एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया। आम जनता से अवैध गतिविधियों से दूर रहने को कहा गया है।

<><><><><>

पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान विशेषकर बम्बूफ्लाट से बिम्बर्लीगंज तक के क्षेत्रों में बिजली से संबंधित कार्य किए जाने की वजह से कल इन क्षेत्रों में कुछ घंटे के लिए बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से दिन में एक बजे तक होगी।

<><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद– आईसीसी ने आज वार्षिक पुरुष टीम रैंकिंग अपडेट जारी किया, जिसमें भारत ने वनडे और टी–ट्वेंटी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, लेकिन टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गया है। मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच में भारत पर दो सौ नौ रनों की शानदार जीत के दम पर टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष

स्थान हासिल करने के लिए भारत को पीछे छोड़ दिया है। भारत के एक सौ बीस अंक हैं और वो ऑस्ट्रेलिया से केवल चार अंक पीछे है ऑस्ट्रेलिया एक सौ चौबीस के साथ शीर्ष पर है और तीसरे स्थान पर इंग्लैंड है। रैंकिंग अपडेट केवल मई दो हजार इक्कीस के बाद टीमों के प्रदर्शन के आधार पर घोषित की गई हैं। एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत भले ही विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया हो, लेकिन एक सौ बाईस अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया एक सौ सोलह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और दक्षिण अफ्रीका एक सौ बारह अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। टी20 रैंकिंग में भारत दो सौ चौंसठ अंकों के साथ काफी आगे है, जबकि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दो सौ सत्तावन और दो सौ बावन अंकों के साथ उससे पीछे हैं।

<><><><><><><>

रंगत थाना क्षेत्र में अवैध तरीके और निर्धारित समय के बाद बार चलाने के आरोप में पुलिस ने बार काउंटर से शराब की बोतले ज़ब्त की। इसके अलावा बार के दुकान को भी सील किया गया।

<><><><><><><>

कवि गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर की एक सौ चौंसठवीं जयंती के अवसर पर अतुल स्मृति समिति पोर्ट ब्लेयर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आठ मई को शाम सात बजे समिति परिसर में कार्यक्रम शुरू होगा।

<><><><><><><>